भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3074 का उत्तर

शोपियां-पुलवामा रेल लाइन परियोजना

3074. श्री आगा सैय्यद रूहुल्लाह मेहदी:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि जम्मू और कश्मीर संघ राज्यक्षेत्र में शोपियां और पुलवामा के बीच प्रस्तावित/निर्माणाधीन रेल लाइन परियोजना के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर उस बागवानी भूमि का अधिग्रहण और नुकसान हो रहा है, जो स्थानीय निवासियों की आजीविका का प्राथमिक स्रोत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) शोपियां-पुलवामा रेल लाइन परियोजना के लिए अधिगृहीत की जाने वाली या पहले से अधिगृहीत की जा चुकी बागवानी भूमि के कुल क्षेत्रफल का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त अधिग्रहण से प्रभावित होने वाले बागान मालिकों और परिवारों की संख्या कितनी है;

(घ) क्या संरेखण को अंतिम रूप देने से पहले प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण/सामाजिक/बागवानी/आजीविका/स्थानीय अर्थव्यवस्था पर उक्त परियोजना के प्रभाव के संबंध में कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) अवसंरचना के विकास के दौरान जिन बागान मालिकों की आजीविका प्रभावित हुई है, उनके लिए प्रदान किए गए या प्रस्तावित मुआवजे और पुनर्वास उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या सरकार उपजाऊ बागवानी भूमि को और अधिक नुकसान से बचाने के लिए उन्नत या संशोधित संरेखण सहित वैकल्पिक मार्गों या तकनीकी समाधानों पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): जम्मू और कश्मीर में पुलवामा जिले में रेल संपर्कता बढ़ाने के लिए अवंतीपोरा (काकापुरा)-शोपियां (28 कि.मी.) नई लाइन के लिए सर्वेक्षण शुरू किया गया था। बहरहाल, परियोजना को अव्यवहार्य आकलित किया गया है और इसलिए, इसे छोड़ दिया गया है।

******